आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 07.06.2026

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- कुंभ मेला–2027 की तैयारियों की समीक्षा के लिए हरिद्वार में गढ़वाल मंडल आयुक्त आनंद स्वरूप की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।
- बद्रीनाथ धाम को विश्वस्तरीय तीर्थ नगरी के रूप में विकसित करने के लिए चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों की जिलाधिकारी गौरव कुमार ने समीक्षा की।
- केंद्र सरकार ने आज कहा कि अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद भारतीय घरों को खाना पकाने की गैस वैश्विक स्तर पर सबसे कम कीमतों पर मिल रही है।
- और, देहरादून में अवैध निर्माणों, नियम विरुद्ध भवन निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। ।

..............................................

तैयारियां

कुंभ मेला–2027 की तैयारियों की समीक्षा के लिए हरिद्वार में गढ़वाल मंडल आयुक्त आनंद स्वरूप की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों और एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा आगामी योजनाओं की समीक्षा की गई।

आयुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने दायित्वों से जुड़े कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें और प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कुंभ मेला राज्य की प्रतिष्ठा और आस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है, इसलिए सभी विभागों को योजनाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में तेजी से कार्य करना होगा।

आनंद स्वरुप ने बताया कि तैयारियों की नियमित निगरानी के लिए प्रत्येक माह समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही आगामी बैठकों में विभागों के नामित नोडल अधिकारियों की ही भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि कार्यों की प्रगति की प्रभावी समीक्षा हो सके।

..............................................

मास्टर प्लान समीक्षा

बद्रीनाथ धाम को विश्वस्तरीय तीर्थ नगरी के रूप में विकसित करने के लिए चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों की समीक्षा जिलाधिकारी गौरव कुमार ने की। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को सभी निर्माण और विकास कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में यातायात व्यवस्था, तीर्थयात्रियों की पैदल आवाजाही, पथ प्रकाश, पार्किंग, सीवर निस्तारण, नदी तटों की सुरक्षा तथा अन्य यात्री सुविधाओं से जुड़े कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रियों की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए धाम को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए कार्य चरणबद्ध तरीके से किए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने मास्टर प्लान के तीसरे चरण के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों की योजना और अध्ययन कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा।

.............................................

समीक्षा

देहरादून में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की प्रगति, हस्तांतरण की स्थिति तथा संचालन एवं अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को परियोजनाओं की नियमित निगरानी और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत स्वीकृत 22 परियोजनाओं में से 21 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। इनमें से 10 परियोजनाओं को संबंधित विभागों को हस्तांतरित किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने शेष पूर्ण परियोजनाओं के हस्तांतरण की स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में यह भी बताया गया कि ग्रीन बिल्डिंग परियोजना का निर्माण कार्य जारी है। परियोजना की प्रगति लगभग 40 प्रतिशत होने पर जिलाधिकारी ने कार्यों में तेजी लाने, पर्याप्त श्रमिकों की तैनाती सुनिश्चित करने तथा नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने परियोजना में हुई देरी के कारणों और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों तथा कार्यदायी संस्था के संबंध में की गई कार्रवाई का विवरण भी उपलब्ध कराने को कहा।

.............................................

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने स्वस्थ भविष्य के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भोजन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। आज विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने नागरिकों से स्वस्थ खान–पान की आदतें अपनाने और स्वस्थ तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया। श्री नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संदेश को भी दोहराया जिसमें उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य और एक मजबूत राष्ट्र के लिए खाद्य तेल का इस्तेमाल 10 प्रतिशत कम करने और संतुलित आहार अपनाने की बात कही थी। इस वर्ष विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस का विषय है– समस्या से समाधान तक दृ हर जगह सुरक्षित भोजन।

.............................................

एलपीजी

केंद्र सरकार ने आज कहा कि अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद भारतीय घरों को खाना पकाने की गैस वैश्विक स्तर पर सबसे कम कीमतों पर मिल रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय सिलेंडर की कीमत किसी भी पड़ोसी देश की तुलना में सस्ता है और अमरीका, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी कम है। मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थी को पहले चार रिफिल

पर सालाना 300 रुपये का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण मिलने के बाद 14 किलो 200 ग्राम के एलपीजी सिलेंडर के लिए 642 रुपये का भुगतान करना पड़ता है, जबकि दिल्ली में एक आम उपभोक्ता के लिए खुदरा मूल्य 942 रुपये है।

.............................................

देहरादून

देहरादून में अवैध निर्माणों, नियम विरुद्ध भवन निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। प्राधिकरण क्षेत्र में सेक्टरवार टीमें गठित कर नियमित निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। एमडीडीए की ओर से शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिना मानचित्र स्वीकृति के बनाए जा रहे भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और अवैध कॉलोनियों को चिन्हित किया जा रहा है। देहरादून में कई स्थानों पर निर्माण कार्यों को सील करने के साथ ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी की गई है। वहीं, अवैध प्लाटिंग करने वाले भू–माफियाओं के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और किसी भी तरह के अवैध निर्माण में शामिल न हों।

.............................................

अतिक्रमण मुक्त हरिद्वार

हरिद्वार जिले में अतिक्रमण हटाने के साथ–साथ व्यापक स्वच्छता अभियान भी तेजी से चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण हटाने के बाद संबंधित क्षेत्रों को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने की जिम्मेदारी पंचायतों और स्थानीय निकायों की होगी।

गौरतलब है कि अभियान के चौथे दिन तक लगभग एक हजार टन कूड़े का निस्तारण किया जा चुका है। ज़िलाधिकारी ने बताया कि सभी खंड विकास अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को प्रतिदिन सफाई कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नोडल अधिकारियों को भी दैनिक निगरानी और रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने को कहा गया है।

वहीं, स्वच्छता कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का भी त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल अतिक्रमण हटाना नहीं, बल्कि ज़िले के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना है। इसके लिए लगातार निगरानी, जनसहभागिता और विभागीय समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

.............................................

केदारनाथ

केदारनाथ यात्रा मार्ग पर नशे के खिलाफ पुलिस का सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच यात्रा शुरू होने से अब तक आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कुल 18 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं, जिनमें पुलिस द्वारा 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार, अवैध ड्रग्स व चरस तस्करों के खिलाफ एनडीपीएसएक्ट के अन्तर्गत दो अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। इन मामलों में संलिप्त 02 अभियुक्तों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग नीहारिका तोमर ने कहा कि यात्रा की पवित्रता और सुरक्षा को देखते हुए अवैध मादक पदार्थों और शराब तस्करों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रहेगी।

.............................................